**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 512**
**28 नवम्बर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## यूआईडीएसएसएमटी की वर्तमान स्थिति

**512. श्री सी. एन. अन्नादुरईः**
**श्री नवसकनी के.:**
**श्री जी. सेल्वमः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश भर में लघु एवं मध्यम शहरों के लिए शहरी अवसंरचना विकास योजना (यूआईडीएसएसएमटी) की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) इस योजना के अंतर्गत अब तक कितने शहर लाभान्वित हुए हैं तथा योजना में शामिल करने के लिए उनकी पात्रता निर्धारित करने के लिए क्या मानदंड अपनाए गए हैं;

(ग) क्या केन्द्र सरकार ने विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान उक्त योजना के तहत तमिलनाडु राज्य को कोई धनराशि आवंटित की है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा जारी की गई धनराशि और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है, साथ ही संबंधित क्षेत्रों में क्या कार्य किए गए हैं;

(ङ) क्या इस धनराशि के उपयोग की निगरानी के लिए कोई तंत्र है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरे सहित इस तंत्र को मजबूत करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने की संभावना है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क) एवं (ख): जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) का एक घटक, लघु एवं मध्यम शहरों के लिए शहरी अवसंरचना विकास योजना (यूआईडीएसएसएमटी) 31 मार्च, 2014 को समाप्त हो गई। तथापि, यूआईडीएसएसएमटी की वे सभी परियोजनाएं, जिनमें 50% या इससे अधिक केन्द्रीय सहायता जारी की जा चुकी थी और जिन परियोजनाओं की प्रगति 31 मार्च, 2014 तक 50% या उससे अधिक थी या जो मिशन के परिवर्तन चरण के

दौरान स्वीकृत की गई थीं, उन्हें 31 मार्च, 2017 तक अमृत के अंतर्गत वित्त पोषण के लिए अनुमोदित किया गया था। यह अवधि भी समाप्त हो गई है और योजना के समापन पर सभी परियोजनाएं संबंधित राज्यों को सौंप दी गई हैं।

(ग) से (च): उपर्युक्त (क) एवं (ख) के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न नहीं उठता।

****